## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा नानक दरबार में हुआ अखंड पाठ का समापन



**सतना।** सिटी कोतवाली के पीछे स्थित गुरुद्वारा नानक दरबार में सोमवार को गुरु नानक देव जी का ज्योति ज्योत समाने का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर,सुबह 10 बजे अखंड पाठ का समापन विधि-विधान से किया गया। यह अखंड पाठ गत 22 सितंबर से लगातार चल रहा था। पाठ के समापन के बाद,सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक गुरुद्वारा के ज्ञानी जत्थे ने कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को निहाल किया। कीर्तन प्रस्तुत करने वाले जत्थे में जितेंद्र सिंह,मोहन सिंह और जसवंत सिंह शामिल थे। इसके बाद,श्रीमती सिमरन द्वारा सत्संग प्रस्तुत किया गया। सत्संग के बाद गुरु की अरदास की गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जसपाल सिंह भाटिया और उपाध्यक्ष कमलजीत सिंह सेठी ने उपस्थित लोगों से गुरु नानक देव द्वारा दिखाए गए प्रेम,सत्य,करुणा, दया,भाईचारा,परोपकार और क्षमा के मार्ग पर चलने का आग्रह किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी सिख पंथ अनुयायियों को प्रसाद और गुरु के अटूट लंगर का वितरण किया गया,जिसमें श्रद्धालुओं ने मिलकर भोजन ग्रहण किया।

### नगर निगम में जनसुनवाईः डिप्टी कमिश्नर ने सुनी

**सतना।** नागरिकों की समस्याएं नगर निगम में आयोजित जनसुनवाई में डिप्टी कमिश्नर सत्यम मिश्रा और कार्यपालन यंत्री आरपी सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में कुल 30 आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। डिप्टी कमिश्नर ने कुछ आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग प्रमुख को आवश्यक निर्देश दिए।बाकी सभी आवेदनों को आगे की कार्यवाही के लिए संबंधित शाखाओं को भेज दिया गया। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी धीरज मिश्रा के अनुसार, जनसुनवाई में शहर के 45 वार्डों से कुल 30 नागरिक अपनी-अपनी समस्याएं लेकर आए थे,जिनका निराकरण किया गया। श्री मिश्रा के अनुसार,जनसुनवाई में बिजली विभाग से संबंधित 1, अतिक्रमण से 5,योजना से 3,आवास से 6,स्वास्थ्य से 3,राजस्व से 1,निर्माण से 8 और पेयजल शाखा से संबंधित 3 आवेदन प्रस्तुत किए गए थे।

### केजेएस सीमेंट के प्रायोजन में भव्यता से मनाया गया इंजीनियर डे



**सतना।** भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर मनाया जाने वाला इंजीनियर डे जिला अभियंता एवं वास्तुविद संघ ने केजेएस सीमेंट के प्रायोजन में भव्यता व उत्साह से मनाया। स्थानीय रिजॉर्ट में आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मनोज कटारे ने की जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ राजेन्द्र कुमार सिंह रहे। स्थानीय इंजीनियरों से खचाखच भरे हाल में सांसद गणेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश के इंजीनियर्स की उत्कृष्टता का लोहा समूचे विश्व ने माना है और दुनिया के शक्तिशाली देश आज इसीलिए हमारी राह में रोड़ा अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स का योगदान समाज और देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है। वे नवाचार लाते हैं, समस्याओं का समाधान करते हैं और हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं। अमरपाटन विधायक राजेन्द्र कुमार सिंह ने,जिन्होंने अपने सामाजिक जीवन की शुरुआत कनाडा में एक इंजीनियर के तौर पर की थी; कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए उपस्थित इंजीनियरों को इंजीनियर दिवस की बधाई दी और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने को कहा।

### युवक पर जानलेवा हमला, पत्नी भी घायल

**मैहर।** ग्राम डेल्हा में एक युवक पर जानलेवा हमला हुआ,जिसमें उसकी पत्नी भी घायल हो गई। सोमवार रात काम पर जा रहे भीम सिंह कुशवाहा 38 पर गांव के ही कुछ युवकों ने शराब के नशे में हमला कर दिया। जब भीम की पत्नी आशाबाई ने बीच-बचाव करने की कोशिश की,तो उसे भी पीटा गया। हमले में भीम के सिर,चेहरे और शरीर के कई हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं।

# रामपुर बघेलान में बाबू को 500 रुपये की रिश्वत लेते लोकायुक्त ने रंगे हाथ पकड़ा



**सतना।** जिले में लोकायुक्त पुलिस रीवा की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को लोकायुक्त टीम ने रामपुर बघेलान तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू उपेंद्र पांडेय को 500 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी बाबू पर हर पेशी के लिए रिश्वत मांगने का आरोप था,जिसके बाद शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त में शिकायत दर्ज कराई थी।

### मामले की जानकारी

शिकायतकर्ता रामकृष्ण प्रजापति,निवासी ग्राम एरा,थाना रामपुर बघेलान,ने 15 सितंबर को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि उनके भाई शिवाकांत प्रजापति के खिलाफ जुलाई में थाना रामपुर बघेलान में 180 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई हुई थी। इस मामले की पेशी के लिए



तहसील के बाबू उपेंद्र पांडेय हर पेशी में 500 रुपये की रिश्वत मांगते थे। पिछली तीन पेशियों में बाबू ने 1500 रुपये ले लिए थे और अब पेशी खत्म करने के लिए और पैसे की मांग कर रहे थे। शिकायत की पुष्टि के बाद,लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाटीदार ने 16 सितंबर को एक टीम का गठन किया। इस टीम ने बाबू उपेंद्र पांडेय को तहसील कार्यालय में ही 500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया।

### लोकायुक्त रीवा का वर्ष 2025 का लेखा-जोखा

लोकायुक्त कार्यालय रीवा संभाग द्वारा वर्ष 2025 में अब तक कुल 18 ट्रैप मामले दर्ज किए गए हैं,जो पंचायत और ग्रामीण विकास,राजस्व विभाग,पुलिस,स्कूल शिक्षा और आदिम जाति कल्याण विभाग से संबंधित हैं। इसके अलावा,रीवा और सिंगरौली जिलों में तीन मामलों में आरोपियों को विशेष न्यायालयों द्वारा कारावास की सजा भी सुनाई गई है।

# ड्रायफ्रूट कारोबारियों पर जीएसटी की कार्रवाई

## मोहनी ट्रेडर्स समेत 5 फर्मों में दबिश, खंगाले जा रहे हैं दस्तावेज, कर चोरी की आशंका

**सतना।** दशहरा और दीपावली के ठीक पहले शहर के प्रमुख ड्रायफ्रूट कारोबारियों के ठिकानों पर जीएसटी विभाग ने कार्रवाई की। जीएसटी सर्किल वन की टीम ने असिस्टेंट कमिश्नर के नेतृत्व में शहर और औद्योगिक क्षेत्र के कुल 5 से 6 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान करोड़ों रुपये की कर चोरी का संदेह जताया गया है।जीएसटी की टीम यहां पर दस्तावेज कंगाल रही है स्टॉक और बिक्री के माल की जांच की जा रही है।

### एक साथ दी गई दबिश

जिन फर्मों पर छापे मारे गए,उनमें मोहनी ट्रेडर्स,संजय ड्रायफ्रूट्स और सुनील ट्रेडिंग कंपनी प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये फर्में शहर के विभिन्न इलाकों श्वेतांबर जैन मंदिर के पास,जय स्तंभ चौक (इलाहाबाद बैंक के पास),टिकुरिया टोला,खेरमाई रोड और स्टेशन रोड में संचालित हो रही थीं।

### 15 से 20 अधिकारियों की टीम शामिल

इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री पर भी जांच की गई। टीम ने सभी ठिकानों पर एक ही समय पर पहुंचकर दस्तावेजों और स्टॉक की जांच शुरू कर दी। कार्रवाई में लगभग 15 से 20 अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम शामिल थी।

### लेन-देन और स्टॉक की जांच कर रहे

जांच टीम फर्मों के लेन-देन से जुड़े रजिस्टर,कंप्यूटर डेटा और पुराने बिल-पर्चियों की बारीकी से जांच कर रही है। शुरुआती जानकारी के अनुसार,स्टॉक और बिक्री के आंकड़ों में गड़बड़ी सामने आई है। विभाग को संदेह है कि इन फर्मों ने असली बिक्री को छिपाकर जीएसटी की बड़ी चोरी की है।

### कार्रवाई से व्यापारियों में खलबली

छापेमारी की खबर फैलते ही शहर के अन्य व्यापारियों में भी हलचल मच गई। फिलहाल मोहनी ट्रेडर्स से जुड़ी कई फर्मों की जांच जारी है और देर रात तक यह कार्रवाई चलने की संभावना जताई जा रही है। जीएसटी विभाग का कहना है कि दस्तावेजों की पूरी जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## सतना में भी दहला था शहर

# बेलगाम ट्रक ने मचाई थी तबाही, इंदौर की घटना ने 10 साल पुराने जख्मों को किया हरा

**सतना।** इंदौर में हाल ही में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना ने मध्य प्रदेश के सतना शहर के लोगों को एक दशक पहले हुए एक और खौफनाक हादसे की याद दिला दी है,जब एक बेलगाम ट्रक ने ठीक इसी तरह शहर के बीचों-बीच तबाही मचाई थी। यह घटना आज से लगभग 10 साल पहले सतना के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई थी। शाम का वक्त था और बाजार में काफी भीड़-भाड़ थी।लोग रोजमर्रा के काम निपटाकर अपने घरों को लौट रहे थे। तभी अचानक,एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक सिटी कोतवाली के सामने से होकर मुख्य बाजार में घुस गया। ट्रक इतनी रफ्तार में था कि ड्राइवर उसे नियंत्रित नहीं कर सका और उसने सामने आने वाली हर चीज को रौंदना शुरू कर दिया। ट्रक की चपेट में आने से कई दोपहिया वाहन और कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। कई लोग जो अपनी दुकानों के बाहर या सड़क किनारे खड़े थे,ट्रक की चपेट में आ गए। चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल



हुए थे,जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि यह दृश्य बहुत ही भयावह था,हर तरफ बिखरे हुए वाहन और घायल लोग दिखाई दे रहे थे। हादसे के तुरंत बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रक ड्राइवर अर्जुन कश्यप को गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने और लोगों को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया था। इस घटना ने सतना शहर के लोगों को गहरा सदमा दिया था। आज,जब इंदौर की घटना की खबरें सामने आ रही हैं,तो सतना के लोग उस दिन को याद कर सिहर उठते हैं। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों की लापरवाही और प्रशासन की ढिलाई पर सवाल खड़ा करती है।

## जजनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 50 से अधिक आवेदकों की समस्याएं

**सतना।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया गया,जिसमें कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस.,अपर कलेक्टर विकास सिंह,और डिप्टी कलेक्टर बी.के. मिश्रा ने जिले भर से आए 50 से अधिक आवेदकों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। जनसुनवाई में वृद्धों और दिव्यांगों की समस्याओं को भी प्राथमिकता से सुना गया। कलेक्टर के निर्देश पर,अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर ने कई आवेदनों का तत्काल मौके पर ही निराकरण किया और संबंधित विभागों को शीघ्र उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शेष आवेदनों पर भी त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए उन्हें संबंधित विभागों को आगे भेज दिया गया।

# पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने जिले में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो बड़ी कार्रवाइयां की हैं। इन कार्रवाइयों में रामपुर बाघेलान और उचेहरा थाना क्षेत्रों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध गांजा,अंग्रेजी शराब और प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया है।

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जमुना प्रसाद पटेल उम्र 65 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है,जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5,000 है। आरोपी के खिलाफ थाना रामपुर बाघेलान में अपराध क्रमांक 803/25 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8 और 20 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी,उप निरीक्षक लालता प्रसाद वर्मा और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### उचेहरा में अवैध शराब और कफ सिरप के साथ एक गिरफ्तार

उचेहरा थाना पुलिस ने युवा नशा निवारण कार्यक्रम के तहत एक और बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी सतीश मिश्रा के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में महेश कुशवाहा उम्र 45 वर्ष को ग्राम बड़खुरा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सफेद बोरी में छिपाकर रखी गई 40 बोतल गोवा व्हिस्की कीमत 5,120 और 21 बोतल ओनरेक्स कफसिरप कीमत 3,150 जब्त की है। आरोपी के पास इन सामानों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज़ नहीं था। आरोपी के खिलाफ थाना उचेहरा में अपराध क्रमांक 319/25 के तहत आबकारी अधिनियम,एनडीपीएस एक्ट और ड्रग कंट्रोल अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक संतोष तिवारी और छवि लाल पयासी समेत पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध प्लाटिंग और आदिवासियों की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जाः प्रशासन पर सवालिया निशान

सतना। शहर और जिले में अवैध प्लाटिंग और आदिवासियों को आवंटित जमीन की खरीद-फरोख्त का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है,जिससे प्रशासन की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कई बार नगर निगम ने अखबारों में विज्ञापन देकर अवैध प्लाटिंग करने वालों को चेतावनी दी है,लेकिन अब तक कोई बड़ी और प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिली है। ऐसा लगता है कि ये चेतावनी सिर्फ कागजी खानापूर्ति बनकर रह गई है।

### अवैध प्लाटिंगः चेतावनी सिर्फ कागजों तक सीमित

शहर के आसपास के इलाकों में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग हो रही है,जहां बिना किसी अनुमति के खेती की जमीन पर प्लॉट काटे जा रहे हैं। ये प्लॉट न तो नियमों का पालन करते हैं और न ही इनमें बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़क,बिजली और पानी की व्यवस्था होती है। भोले-भाले ग्राहक इन प्लॉटों को सस्ती कीमत पर खरीद लेते हैं,लेकिन बाद में उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम और प्रशासन द्वारा समय-समय पर दी गई चेतावनियों के बावजूद,ये अवैध कारोबार बेरोकटोक जारी है।

### आदिवासियों की जमीन पर भू-माफियाओं की नजर

इससे भी गंभीर मामला आदिवासियों को सरकार द्वारा आवंटित की गई जमीन का है।नियम के अनुसार, इन जमीनों को बेचा या खरीदा नहीं जा सकता। लेकिन,सतना में कई भू-माफिया आदिवासियों को बहला-फुसलाकर,डरा-धमकाकर या उन्हें पैसों का लालच देकर उनकी जमीनें खरीद रहे हैं। इन जमीनों पर बड़े-बड़े फार्महाउस या कॉलोनियां बनाई जा रही हैं। यह न केवल कानूनी रूप से गलत है, बल्कि यह आदिवासियों के अधिकारों का भी गंभीर हनन है। प्रशासन को इस मामले में तुरंत और कठोर कदम उठाने की जरूरत है।

### आम जनता का आक्रोश और कार्रवाई की मांग

इस स्थिति को लेकर आम जनता में काफी आक्रोश है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इन भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? क्या इन भू-माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है? या फिर प्रशासन जानबूझकर इन मामलों को नजरअंदाज कर रहा है? जब तक इन सवालों के जवाब नहीं मिलेंगे और सख्त कार्रवाई नहीं होगी,तब तक यह अवैध कारोबार जारी रहेगा। प्रशासन को चाहिए कि वह न केवल चेतावनी जारी करे,बल्कि अवैध प्लाटिंग करने वालों और आदिवासियों की जमीन हड़पने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। एफआईआर दर्ज करने,उनकी संपत्ति जब्त करने और उन्हें कानून के दायरे में लाने जैसे कदम उठाना बेहद जरूरी है। उम्मीद है कि जल्द ही प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर ध्यान देगा और आम जनता के हितों की रक्षा करेगा।

# चित्रकूट में पितृपक्षः रामघाट पर उमड़ा आस्था का सैलाब, पितरों के तर्पण के लिए जुटे श्रद्धालु



**सतना।** भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में पितृपक्ष के दौरान पितरों के तर्पण और पिंडदान के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। ऐसी मान्यता है कि चित्रकूट की मंदाकिनी नदी में पिंडदान करने से वही फल मिलता है,जो प्रयागराज और गया में पिंडदान करने से प्राप्त होता है। पितृपक्ष में श्रद्धालुओं की संख्या में भारी बढ़ोतरी होने के कारण चित्रकूट स्थित गुप्त गोदावरी जाने वाली सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं,जिससे आवागमन में काफी असुविधा हो रही है।

### पिंडदान का महत्व

कर्मकांडी पुरोहितों के अनुसार,वनवास के दौरान जब भगवान राम को उनके पिता राजा दशरथ के स्वर्गवास की सूचना मिली,तब उन्होंने चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के तट पर उनका पहला पिंडदान किया था। इसी कारण इस स्थान का धार्मिक महत्व बहुत बढ़ गया है।

### गया के समान फलदायी

मंदाकिनी नदी को मोक्षदायिनी माना जाता है। मान्यता है कि यहां किया गया तर्पण और पिंडदान गया के समान ही फल देता है और पितृदोष को दूर करता है,जिससे पितरों को शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। पिंडदान के लिए रामघाट और राघव प्रयाग घाट सबसे महत्वपूर्ण माने जाते हैं। राघव प्रयाग घाट वही स्थान है,जहाँ भगवान राम ने राजा दशरथ का पिंडदान किया था। पितृपक्ष के दौरान देश के विभिन्न कोनों से लोग अपने पूर्वजों के लिए तर्पण करने चित्रकूट आते हैं। अगर आप भी पितरों का आशीर्वाद पाना चाहते हैं,तो रामघाट जाकर इस धार्मिक कार्य को कर सकते हैं।

### जन सहयोग से मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाः रवि सर्राफ

**मैहर।**पार्षद और समाजसेवी रवि सर्राफ ने मैहर जिला अस्पताल में संसाधनों की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि सिर्फ सरकार पर निर्भर रहना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोग धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर दान देते हैं,उसी तरह उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी आगे आना चाहिए। सर्राफ ने लोगों,उद्योगपतियों और अन्य संस्थाओं से अपील की कि वे अस्पताल के विकास में आर्थिक मदद करें,ताकि गरीबों को भी बेहतर इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि अगर सब मिलकर प्रयास करें तो यह एक बड़ा आंदोलन बन सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल अस्पताल की लिफ्ट भी मेंटेनेंस के अभाव में काम नहीं कर रही है।

# चोरी गई 5 नग भैंसों सहित 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से चोरी गई 5 नंग भैंस, पड़ा किमती करीब 2 लाख रूपए, की गई बरामद**



थाना शाहनगर में फरियादी शील कुमार आदिवासी पिता श्री विशलिया आदिवासी, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम रमगढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 09.09.2025 की रात्रि अज्ञात चोर उसके घर के पीछे बने सार से 02 भैंस, 02 पडिया एवं 01 पडवा (कुल 05 नग पशु) चोरी कर ले गया।

**पन्ना।** चोरी गए इन पशुओं की अनुमानित कीमत लगभग 2,00,000 रुपये है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अपराध क्रमांक 310/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना शाहनगर पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति हथनी नाला क्षेत्र में चोरी की भैंसों को बांस के पेड़ से बांधे हुए है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोज यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर रवाना हुई और घेराबंदी कर आरोपी राकेश यादव पिता बहादुर यादव, निवासी ग्राम रमगढ़ा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार किया कि उसने पशुओं को बेचने के उद्देश्य से चोरी की थी। आरोपी के कब्जे से चोरी गई सभी 05 नग भैंसें सुरक्षित बरामद कर जब्त की गईं।

**सराहनीय योगदान-** इस उल्लेखनीय सफलता में थाना प्रभारी उनि0 मनोज यादव, सउनि0 शिवेन्द्र सिंह, प्र0आर0 मनोज त्रिपाठी एवं आर0 रविन्द्र की सराहनीय भूमिका रही।

## तीन व्यक्तियों ने युवक पर प्लास्टिक पाइप से की मारपीट अस्पताल में कराया उपचार





**पन्ना।** फरियादी वीरेंद्र कुमार साहू ने पवई थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि दिनांक 14 सितंबर 2025 की रात करीब 08:30 बजे वह शैलेन्द्र रेले, आनंद कुमार साहू, राहुल कुमार राजोरीया एवं धीरेंद्र कुमार साहू के साथ विरसिहपुर रोड पर बाल गोविंद कोरी के घर के सामने खड़े थे। उसी समय राजूर राजा निवासी छतरपुर, रमेश मुनिम एवं एक अज्ञात व्यक्ति प्लास्टिक पाइप लेकर उनके पास आए और रास्ते से हटने की बात कही। जब उन्होंने गालियां देने से मना किया, तो तीनों आरोपियों ने प्लास्टिक पाइप से उनकी मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में फरियादी वीरेंद्र के सिर, पीठ, पेट, दोनों कंधे, बाएं हाथ की अंगुली व सिर से खून बहने लगा। साथ ही आनंद साहू के पेट में पाइप लग जाने से गंभीर चोटें आईं। राहुल राजोरीया के दोनों हाथों की कलाई और चेहरे में गहराई से चोट आई। अन्य लोग भी घायल हुए। इस घटना से गांव के श्रीलोधी एवं सुभाष गुप्ता भी डरे सहमे बचाव में पहुंचे, लेकिन आरोपी उन्हें धमकाते हुए वहां से भाग गए। घायलों ने पवई अस्पताल में उपचार कराया। वीरेंद्र कुमार साहू ने मामला रिपोर्ट कराते हुए बताया कि उक्त हमले में आईपीसी की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत कार्रवाई की जाये। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार बाइक से महिला गिरी, गंभीर रूप से घायल

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत अमानगंज से कटनी सड़क मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक जो अमानगंज की ओर आ रही थी। उसमें पीछे बैठी महिला के गिर जाने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गंभीर हालत में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया घटना में महिला का चेहरा पूरी तरह से चौटील हो गया। व शरीर के कई अंगों पर गंभीर चोटे आई। घटना में घायल हुई महिला का नाम पूजा विश्वकर्मा पति जय हिंद विश्वकर्मा उम्र 26 वर्ष निवासी टाई बताया गया है। चलती बाइक में महिला को अचानक हल्का सा चक्कर आया जिससे महिला गिरकर घायल हो गई।

### मनाया विश्व ओजोन दिवस



**पन्ना/पवई।** शासकीय माध्यमिक शाला नारायणपुरा में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर शिक्षक सतानंद पाठक ने छात्र-छात्राओं को बताया कि ओजोन परत सूर्य से आने वाली रुपराबैंगनी किरणों को छानकर पृथ्वी पर भेजती है, जिसके कारण पृथ्वी पर जैवविविधता है। आइये धरती के पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए हम हरियाली विस्तार में अपना योगदान देकर ओजोन परत को बचा सकते हैं।

### विश्वकर्मा जयंती पर आज होगा पूजन और श्रमिक सम्मान समारोह



**पन्ना।** भगवान विश्वकर्मा जयंती एवं राष्ट्रीय श्रम दिवस पर बुधवार 17 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे स्थानीय लव कुश वाटिका पन्ना में भगवान विश्वकर्मा पूजन व श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय मजदूर संघ द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री व पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा शामिल होंगे। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष महेंद्र तिवारी ने बताया कि समारोह में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संगठन राज्य कर्मचारी संघ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ, आशा-उषा कार्यकर्ता संघ, दैनिक वेतनभोगी संघ, मध्यान्ह भोजन रसोइया संघ, भारतीय सफाई मजदूर संघ, असंगठित मजदूर संघ, बीड़ी श्रमिक यूनियन, ऑटो यूनियन, बिजली कर्मचारी महासंघ तथा हीरा खनन श्रमिक संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता , प्रबुद्ध जन तथा बड़ी संख्या में आम जन भाग लेंगे।

### श्रीमती रुकमणि देवी अग्रवाल का निधन



**देवेन्द्रनगर।** देवेंद्रनगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कोषाध्यक्ष एवं पत्रकार श्री शैलेश अग्रवाल की पूज्य माता तथा स्मृतिशेष सुरेश अग्रवाल जी की धर्मपत्नी श्रीमती रुक्मणि देवी अग्रवाल (59 वर्ष) ने आज सोमवार, 15 सितम्बर 2025 को प्रातः लगभग 7 बजे हृदयगति रुकने के पश्चात ईश्वर के श्रीचरणों में विलीन होकर स्वधाम गमन किया।

### गौचर जमीन व पट्टों को लेकर एक बार फिर जन चर्चायें तरह-तरह से व्याप्त

**पन्ना।** जिले में गौचर जमीन को लेकर जहां पिछले समय में जो भी पट्टे बनाये गये या इलाटमेंट किये गये या एलाटमेंट की जमीन बिना सक्षम अधिकारी की मंजूरी या स्वीकृति के बगैर खरीदी गई जमीन को लेकर पड़ताल विभाग के द्वारा जो की जा रही है इसको लेकर तरह-तरह से चर्चायें व्याप्त हो रहीद है। निष्चिततौर पर गौचर भूमि जो हर गांव में सुरक्षित होती थी वह जमीन कितनी बची कहां गई कैसे बंटन में गई या अतिक्रमण की चपेट में कई सवाल अपने आप में अब स्वयं ही जवाब का इंतजार कर रहे है वहीं दूसरी तरफ यह अटकलें जनचर्चाओं में व्याप्त हो रही है ।

## देवेंद्रनगर में श्रीमद्भागवत कथा महापर्व, नन्हे कन्हैयों की बाल लीला और गोवर्धन चरित्र ने मोह लिया मन

**देवेंद्रनगर।** पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से चल रही श्रीमद्भागवत कथा महापर्व में 16 सितम्बर को श्रीकृष्ण की बाललीलाओं और गोवर्धन चरित्र का मनोहारी चित्रण हुआ।



स्वामी आत्मानंद गिरि जी महाराज ने कहा - बाल रूप में श्रीकृष्ण हमें निष्कपटता, चंचलता और ईश्वर के सर्वव्यापक स्वरूप का संदेश देते हैं। गोवर्धन चरित्र यह सिखाता है कि सामूहिक शक्ति, सेवा और भगवान में अटूट विश्वास से बड़ा से बड़ा संकट भी टल सकता है। जिस तरह भगवान ने गोवर्धन उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की, उसी तरह भक्त को हर कठिनाई में परमात्मा का सहारा लेना चाहिए। कथा पंडाल कृष्णमय मंच पर नन्हे कन्हैयों की अठखेलियां, मक्खनदृमिश्री चुराते बालकृष्ण, गोपियों की टोली, यशोदा मइया के साथ खेलते दृश्य श्रद्धालुओं को रसमय बना रहे थे। गोवर्धन पर्वत की भव्य प्रतिकृति ने श्रद्धालुओं को बरसानेदृगोकुल की अनुभूति कराई। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग "गोवर्धनधारी गिरिधारी की जय" और "कन्हैया लाल की जय" के जयकारों के साथ झूम उठे। भजन, कीर्तन और शंखनाद के बीच पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और उत्साह से भर गया। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आर.के. गार्डन, सलेहा रोड, देवेंद्रनगर में आयोजित हो रही है। 19 सितम्बर को समापन अवसर पर विशाल हवन व भंडारे का आयोजन होगा।

मुख्य श्रोता - स्व. अमित तिवारी(संदीप) की धर्मपत्नी श्रीमती प्रीति तिवारी एवं उनका बेटा चिराग तिवारी। आयोजन आशीष तिवारी एवं उनके छोटे भाई आकाश तिवारी द्वारा किया जा रहा है।

## रैपुरा थाना क्षेत्र में गुदरी टैक घाटी में ट्रकों से तिरपाल काटकर माल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहनों एवं चोरी किया गया कुल मशरूका कीमती करीब 12 लाख 40 हजार रूपये का बरामद**

**आरोपियों द्वारा पन्ना, दमोह, छतरपुर, सागर, जबलपुर सहित अन्य जिलो में भी कारित की गई है घटनायें**




**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में पन्ना पुलिस द्वारा थाना रैपुरा थाना क्षेत्र में रैपुरा दमोह रोड पर गुदरी टेक घाटी में ट्रको की तिरपाल काटकर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया गया है। मामले में 01 आरोपी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। थाना रैपुरा में 03 अलग-अलग फरियादियों द्वारा रिपोर्ट की गई कि रैपुरा दमोह रोड पर गुदरी टेक घाटी पर कुछ अज्ञात चोर ट्रक मे चढ़कर तिरपाल काट कर ट्रक में भरे सामान को चोरी कर ले गये हैं। फरियादियों की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अलग अलग अप.क्र. 220/25 , 221/25 एवं 222/25 धारा 303 (2) बी एन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी रैपुरा उनि संतोष सिंह यादव द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के उचित दिशा निर्देशन में थाना स्तर पर एक पुलिस टीम गठित की गई । गठित पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु घटनास्थल के आसपास अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, जिसके फलस्वरूप दिनांक 16/09/25 को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की गुदरी टेक की घाटी मे एक पिकअप वाहन व कुछ मोटर साईकिलो मे संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे है। मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर देखा गया जो कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर जंगल के रास्ते से भागने लगे पुलिस टीम द्वारा एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । शेष 06-07 व्यक्ति अंधेरे में घने जंगल व घाटी का फायदा उठाकर जंगल के अन्दर वाहन छोड़कर भाग गये । पुलिस टीम द्वारा जंगल में खड़ी 03 मोटर साईकिल व एक पिकअप वाहन जप्त किया जाकर । पुलिस अभिरक्षा में लिये गये संदेही व्यक्ति से पूँछताछ की गई । जिसके द्वारा अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया । मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के बताये अनुसार ट्रको मे चढकर तिरपाल काट कर चोरी किया गया सामान (तेल ,विस्किट,नमकीन ,अकरी,दाल इत्यादि) जप्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है । शेष आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जावेगा । मामले में विवेचना जारी है ।

**गिरफ्तार आरोपी -** गोविन्द चक्रवती पिता खूवलाल चक्रवती उम्र 21 साल निवासी ग्राम बालाकोट थाना कोतवाली दमोह जिला दमोह (म.प्र.) ।

**जप्त सामग्री -** घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन क्रमांक कीमत करीब 10 लाख रूपये, 03 मोटर साइकिल कीमती करीब 01 लाख 50 हजार रूपये एवं ट्रक से चोरी किया गया सामान (02 कैन तेल,08 बोरी अकरी, 04 बोरी दाल, 02 कार्टन बिस्किट-चॉकलेट, 08 डिब्बे निप्पोन पेंट इलेक्ट्रिक स्प्रे गन, 04 बोरी हाइटेक पाउडर) कीमती करीब 90 हजार रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब 12 लाख 40 हजार रूपये का जप्त किया गया है ।

**अपराधिक विवरण -** 1.थाना बटियागढ जिला दमोह - अपराध क्रमांक - 170/25 धारा 303 (2) बीएनएस 2. थाना शाहगढ जिला सागर का अपराध क्रमांक - 310/25 धारा 303 (2) बीएनएस 3. थाना रैपुरा जिला पन्ना का अप.क्र. 220/25 धारा 303 (2) बीएनएस 4. थाना रैपुरा जिला पन्ना का अप.क्र. 221/25 धारा 303 (2) बीएनएस 5. थाना रैपुरा जिला पन्ना का अप.क्र. 222/25 धारा 303 (2) बीएनएस

**सराहनीय योगदान -** उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव सहित थाना रैपुरा की पुलिस टीम एवं साइबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## छत्रसाल महाविद्यालय की इको-क्लब के द्वारा विश्व ओजोन दिवस का आयोजन




**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में प्राचार्य डॉ एसडी चतुर्वेदी के निर्देशन व संरक्षण में इको-क्लब प्रभारी डॉ मनोज कुमार शुक्ल द्वारा विश्व ओजोन दिवस 2025 का आयोजन किया गया। इस बार विश्व ओजोन दिवस ष्फ्रॉम साइंस टू ग्लोबल एक्शनष थीम पर आधारित था। उक्त कार्यक्रम में बीएससी फर्स्ट ईयर के विद्यार्थियों दुरेंद्र विश्वकर्मा, प्रियंका रैकवार तथा कंचन पांडे ने अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने विद्यार्थियों को बताया कि ओजोन, 15 से 30 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित समताप मंडल में एक परत के रूप में स्थित है जो एक अंब्रेला की तरह सूर्य की पराबैंगनी किरणें से करने से पृथ्वी पर मानव जीवन की सुरक्षा करती है। पराबैंगनी किरणों के प्रभाव से त्वचा कैंसर, मोतियाबिंद तथा उत्परिवर्तन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। मानव द्वारा सुख सुविधा के लिए प्रयोग किए जाने वाले विभिन्न संसाधनों जैसे सोफा, फोम, एरोसॉल स्प्रे आदि से उत्पन्न क्लोरोफ्लोरोकार्बन ओजोन परत के कमजोर करने के लिए उत्तरदाई है, जिसे ओजोन होल भी कहते हैं। इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए कनाडा के मॉन्ट्रियल शहर में 1987 में विश्व के 114 देश का एक सम्मेलन आयोजित किया गया था जिसमें ओजोन को नष्ट करने वाले पदार्थ के उत्सर्जन को कम करने हेतु नियम तय किए गए थे जिसे मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल कहते हैं। इस पर 16 सितंबर को विश्व के 94 देशों ने हस्ताक्षर करके अंगीकार किया था। तब से पृथ्वी में मानव समुदाय को ओजोन क्षरण से बचाने के लिए जागरूक करने हेतु ओजोन दिवस मनाने की परंपरा सुनिश्चित की गई है।





## ग्राम पंचायत परसवारा की मनमानी से ग्रामीण परेशान, बंद रहता है पंचायत कार्यालय

**पन्ना।** पन्ना जिले के शाहनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसवारा में पंचायत कार्यालय में ताला लटका रहना आम बात हो गई है। ग्रामीण कई दिनों से पंचायत के खुलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण लोगों को जरूरी कामों के लिए बार-बार लौटना पड़ रहा है। सरकार द्वारा ग्राम स्तर पर लोगों की समस्याएं हल करने और योजनाओं का लाभ देने के लिए पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया है। इन भवनों पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं ताकि ग्रामीणों को अपने जरूरी दस्तावेज, योजनाओं की जानकारी, प्रमाण पत्र आदि के लिए भटकना न पड़े। लेकिन परसवारा पंचायत की जमीनी हकीकत इसके उलट है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत कार्यालय अक्सर बंद रहता है। कई बार तो लोग सुबह से शाम तक परिसर में ही बैठे रहते हैं, लेकिन कोई कर्मचारी या सचिव नहीं आता। जब कभी पंचायत का गेट खुलता है, तो भी काम नहीं हो पाता। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मनमानी रवैये पर रोक लगाई जाए और पंचायत को नियमित रूप से खोला जाए, ताकि लोगों को समय पर सुविधाएं मिल सकें।

## यातायात थाना प्रभारी की भेदभाव पूर्ण कार्यवाही नगर में बनी चर्चा का विषय





**अमानगंज।** अंधा बांटे रेवड़ी चीन चीन कर देय की तर्ज पर जिले का यातायात विभाग पन्ना जिले में इन दिनों यातायात व्यवस्था चरमराई देखी जा रही है, यातायात थाना प्रभारी या तो पन्ना नगर तक सीमित है या फिर भेदभाव पूर्ण चालानी कार्रवाई कर रही है। कभी-कभार जिले के अन्य नगरों में जाकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने का सिर्फ दिखावा करती हुई दिखती हैं और भेदभाव पूर्ण वाहन चेकिंग होती है। थाना प्रभारी नीलम लक्षकार यातायात पुलिस के साथ मंगलवार सप्ताहिक बाजार वाले दिन शाम लगभग 5 से 6 बजे के बीच अमानगंज पहुंची जहां उन्होंने अमानगंज नगर में भेदभाव पूर्ण तरीके से चेकिंग लगाकर कार्यवाही की। एक तरफ नगर में बड़े-बड़े वाहन निकलते रहे तो वहीं दूसरी ओर यातायात पुलिस ऑटो रिक्शा को ढूंढ- ढूंढ कर पकड़ती रही जबकि नगर में सैकड़ो ऑटो आवागमन करते हैं। नगर यातायात पुलिस के हाथ सिर्फ चार ऑटो लगी। वहीं यातायात थाना प्रभारी ने मंगलवार की शाम लगभग 7:00 बजे जानकारी देते हुए बताया कि अभी काउंट नहीं किया गया है लगभग 15000 की वसूली चालान कार्यवाही के माध्यम से गई है। नगर में चर्चा का विषय बना है कि यातायात पुलिस इस रोड पर छोटे वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करती रही, जबकि कई मालवाहक एवं बड़े-बड़े वाहन नगर से प्रतिबंधित होने के बाद भी यातायात पुलिस के सामने से आवागमन करते रहे।

## ईव्हीएम वेयर हाउस का किया त्रैमासिक निरीक्षण






**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने मंगलवार को मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस मौके पर गोदाम के आंतरिक एवं बाह्य परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया गया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान सहित जिला कोषालय अधिकारी गौरव गुप्ता, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी अतुल एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक उमाशंकर दुबे भी उपस्थित रहे।

# राजनगर, लवकुशनगर, गौरिहार के बाद हरपालपुर क्षेत्र में दिखे ड्रोन जिसमे कई ड्रोन जप्त लेकिन मामले की तह तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

**छतरपुर। पिछले लगभग एक सप्ताह से जले के अलग-अलग इलाकों में रात के वक्त संदिग्ध ड्रोन उडऩे की खबरों ने लोगों को बेचैन कर दिया है। बीती रात हरपालपुर क्षेत्र के कुछ ग्रामीण इलाकों में ड्रोन दिखने की जानकारी सामने आई है। इससे पहले राजनगर, लवकुशनगर और गौरिहार क्षेत्र में ड्रोन देखे गए थे। कई स्थानों से पुलिस ने ड्रोन जप्त भी किए हैं लेकिन अभी तक पुलिस इस मामले की तह तक नहीं पहुंच सकी है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण इलाकों में रात के वक्त ड्रोन दिखने से लोग दहशत में है और ईश्वर से कामना कर रहे हैं कि यह ड्रोन किसी बड़ी साजिश का हिस्सा न हों।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरपालपुर थान क्षेत्र के ग्राम काकुनपुरा से सामने आया है, जहां के ग्रामीणों ने आसमान में एक साथ करीब आधा दर्जन ड्रोन उडऩे का दावा किया है। ग्रामीणों ने इसका वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। ग्रामीणों ने बताया कि ड्रोन दिखने के तुरंत बाद उन्होंने डायल-112 पर सूचना दी थी और अगली सुबह हरपालपुर थाना में भी शिकायत की। हालांकि जब इस संबंध में हरपालपुर थाना प्रभारी संजय राय से बात की गई तो उन्होंने इस तरह की कोई जानकारी उनके पास न होने और जांच कराने की बात कही। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह ड्रोन पिछले दो दिनों से क्षेत्र में दिख रहे हैं और इसी बीच क्षेत्र के कुछ स्थानों से चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से मामले की गंभीरता से जांच करने का आग्रह किया है।



हरपालपुर से पहले जिले के राजनगर, लवकुशनगर और गौरिहार क्षेत्र में भी ड्रोन दिखाई थे। 7 सितंबर की रात करीब 9 बजे लवकुशनगर क्षेत्र के ग्राम जनकपुर, गुढ़ा खुर्द, बांसिया, बसंतपुर, टहनगा सहित करीब आधा दर्जन गांवों में घरों के ऊपर ड्रोन उडऩे की जानकारी मिली थी। इसी रात को पहरा चौकी क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा में भी ड्रोन दिखे थे। इसी गांव के रहने वाले किसान अर्जुन सिंह के खेत में एक ड्रोन गिरा भी था जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच करने की बात कही थी। इसके बाद 13 सितंबर की रात को राजनगर थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में ड्रोन दिखे थे, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। इसके अलावा जिले की सीमा से लगे उत्तरप्रदेश के भी दर्जनों गांवों से इसी तरह की खबरें सामने आ रही हैं।

### किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रही पुलिस

जिले में लगातार सामने आ रहे ड्रोन के मामलों को लेकर सभी स्थानों की पुलिस ने जांच का दावा किया। यहां तक कि लवकुशनगर क्षेत्र से कुछ ड्रोन भी पुलिस के हाथ लगे लेकिन एक सप्ताह से ज्यादा समय बीत जाने के बावजूद किसी भी थाने की पुलिस या वरिष्ठ पुलिस अधिकारी किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा है। वहीं दूसरी ओर आए दिन यह ड्रोन अलग-अलग इलाकों में दिखाई दे रहे हैं, जिससे ड्रोन की दहशत बढ़ती जा रही है।

### इनका कहना है -

प्राप्त हो रही सूचनाओं के आधार पर लगातार जांच हो रही है। पहरा चौकी क्षेत्र से जप्त किया गया ड्रोन एक स्थानीय युवक का था, जो उसके नियंत्रण से बाहर जाकर गांव में गिरा था। इसके अलावा अन्य स्थानों पर दिखने वाले ड्रोन कैमरों के मामलों की भी पड़ताल जारी है। जो लोग ऑनलाइन शॉपिंग के माध्यम से ड्रोन कैमरे मंगवा रहे हैं, उन पर भी विभाग की नजर है।

**अगम जैन, एसपी, छतरपुर**

## खबर संक्षेप

### टैक्सी की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत



**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पीतांबरा मंदिर के समीप टैक्सी की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला की दुखद मौत हो गई। हादसे में एक अन्य व्यक्ति घायल भी हुआ है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज जारी है। मृत महिला का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे हिम्मतपुरा निवासी 65 वर्षीय रामप्यारी पत्नी गोटीराम यादव अपने नाती गजेन्द्र यादव के साथ छतरपुर से अपने गांव लौट रही थी। इसी दौरान सटई रोड पर पीतांबरा मंदिर के आगे मुक्तिधाम के सामने एक टैक्सी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे रामप्यारी नीचे गिर गई और वहीं से गुजर रहे ट्रैक्टर की ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गईं। घटना के बाद रामप्यारी और गजेन्द्र को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटीरत डॉक्टर नीरज सोनी ने रामप्यारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गजेन्द्र का इलाज अभी जारी है।

### पांच हजार के इनामी को गुलगंज पुलिस ने पकड़ा




**छतरपुर।** थाना गुलगंज पुलिस द्वारा माह मई 2025 में रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम मझगवां खुर्द के एक खेत में छापा मार कार्यवाही की गई थी। टपरे में 11 पेटी मात्रा करीब 99 लीटर देशी मसाला, प्लेन एवं अंग्रेजी व्हिस्की अवैध शराब कुल कीमत 51000 रुपये रुपए जप्त कर अवैध मादक पदार्थ संग्रह करने वाले फरार आरोपी राजवीर सिंह निवासी ग्राम मझगवां खुर्द थाना गुलगंज के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु 5000 के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। पुलिस टीम द्वारा उक्त पंजीबद्ध प्रकरण के फरार आरोपी 5000 के इनामी राजवीर सिंह पिता राम सिंह निवासी ग्राम मझगवां खुर्द थाना गुलगंज को गिरफ्तार किया गया। विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गुलगंज उप निरीक्षक गुरुदत्त शेषा, प्रधान आरक्षक विनोद मिश्रा, राजेंद्र रावत, कैलाश, आरक्षक कृष्ण प्रताप सिंह की भूमिका रही।

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 19 सितंबर को

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार 19 सितंबर को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसिशिप मेला (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंन्द्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये लोन भी उपलब्ध कराया जावेगा। इसके अलावा युवाओं को जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी भेजा जावेगा।

## शहर में काक्स डिस्टलरी द्वारा फैलाई जा रही जहरीली हवा, दुर्गंध से क्षेत्र में लोग हलाकान



### प्रशासन पहुंचा मौके पर नोटिस देने की बात कही

**नौगांव।** जिले की सबसे बड़ी नगरपालिका का नौगांव शहर अपने अनेक चौराहों एवं व्यवस्थित शहर के रूप में जाना जाता है। यहां का वातावरण और जलवायु शुद्ध है। लेकिन वर्तमान में अपनी दुर्दशा के लिए नौगांव आंसू बहा रहा है। अंग्रेजों ने 36 रियासतों पर नियंत्रण करने नौगांव शहर की स्थापना की जहां इसका नाम नौगांव छावनी पड़ा। वहीं अंग्रेजों के समय लगाई गई कॉक्स डिसलरी अब लोगों के लिए घातक साबित हो रही है। नौगांव नगर से लगे शिकारपुरा में लगी कॉक्स डिसलरी में शराब बनाने के बाद बचे वेस्टेज मटेरियल को फैक्ट्री मालिक द्वारा मनमर्जी से फैलाया जा रहा है। जिसके कारण डिसलरी से निकलने वाली बदबू इतनी जहरीली होती जा रही है कि। नौगांव नगर के रहवासियों का सांस लेना दूभर हो गया है। बदबू से परेशान नगरवासियों की शिकायतों को लेकर मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक सामाजिक संगठन जनसुनवाई में ज्ञापन देने पहुंचे। भाजपा कांग्रेस सहित अन्य सामाजिक संगठन एवं समाजसेवियों ने कॉक्स डिसलरी से फैलने वाली जहरीली बदबू से परेशान होकर एसडीएम को ज्ञापन दिया एवं कार्यवाही की मांग की। जनता की मांग को तत्काल में संज्ञान लेते हुए एसडीएम गोपाल शरण पटेल, तहसीलदार रमेश कौल एसडीओपी अमित मेश्राम, नगर पालिका सीएमओ आर एस अवस्थी सहित तमाम प्रशासनिक अमला पहुंचा और फैक्ट्री की जांच की फैक्ट्री के अंदर और बाहर पड़ी गंदगी को देखकर अधिकारी भी भौचक्का रह गए।

### एसडीएम ने फैक्ट्री मालिक को लगाई कड़ी फटकार कहा तत्काल हटवाए वेस्टेज मटेरियल -

जनता की मांग एवं समाजसेवी संगठनों के विरोध के बाद फैक्ट्री का निरीक्षण करने पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों में एसडीएम गोपाल शरण पटेल ने फैक्ट्री मालिक जगदीश अग्रवाल को कड़ी फटकार लगाते हुए फैक्ट्री के बाहर फैले वेस्टेज पदार्थ एवं आ रही बदबू को लेकर कड़ी फटकार लगाई। इसी के साथ नौगांव नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित करते हुए नोटिस जारी करने की भी बात कही। तत्काल प्रभाव से आसपास फैले वेस्टेज पदार्थ को हटाने के भी फैक्ट्री मालिक को निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ने बिना सुरक्षा उपकरणों के काम कर रहे मजदूर एवं उनके जीवन पर संभावित खतरे को दृष्टिगत रखते हुए फैक्ट्री मालिक को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी करने की बात कही हैं।

## रामपाल महाराज के पोस्टर फाड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग

**छतरपुर।** पिछले दिनों रामपाल महाराज के जन्मदिन पर उनके शिष्य मंडल द्वारा शहर में लगाए गए बैनर पोस्टरों को कुछ असमाजिक लोगों द्वारा फाड़ दिया गया था, जिसको लेकर उनके शिष्य मंडल में नाराजगी है। मंगलवार को शिष्य मंडल ने शहर के कोतवाली और सिविल लाइन थाना में आवेदन देकर उक्त कृत्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। थाने में आवेदन देने पहुंचे रामपाल महाराज के शिष्य खूबचंद यादव ने बताया कि गत 6 से 8 सितंबर तक सभी शिष्यगणों ने रामपाल महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार करने के लिए शहर में बैनर-पोस्टर लगाए थे, जिन्हें कुछ असमाजिक लोगों द्वारा फाड़ दिया गया। श्री यादव ने कहा कि रामपाल महाराज सभी धर्मों को समान मानते हैं, और साल में लगभग 6 समागम आयोजित करते हैं, जिसमें दहेज-



मुक्त विवाह, रक्तदान और नेत्रदान जैसी सामाजिक सेवाएं दी जाती हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके लिए गलत शब्दों का इस्तेमाल कर पोस्टर फाड़ दिए साथ ही उन्हें सनातन धर्म के खिलाफ बताते हुए देवी-देवताओं की पूजा छुड़वाने का आरोप लगाया। खूबचंद यादव ने कहा कि हम किसी से बैरभाव नहीं रखते, लेकिन ऐसी घटनाओं से असामाजिकता फैलती है, इसलिए दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## युवा संगम रोजगार मेला 24 को

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आई. टी. आई. एवं जिला उद्योग विभाग के द्वारा बुधवार 24 सितंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से अटल सभागार, नगर पंचायत परिषद रामबाग, राजनगर जिला छतरपुर में 1 दिवसीय युवासंगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिस के लिए 18 वर्ष से 35 वर्ष आयु के युवक एवं युवतियां भाग ले सकते हैं। इस मेले में 8 वी से स्नातक, आई.टी.आई. योग्यताधारी आकांक्षी युवक एवं युवतियों की भर्ती हेतु विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियां संसूर सृष्टि हर्बल प्रा. लि. छतरपुर, टाटा मोटर्स प्रा. लि. सानंद गुजरात, रिच पर्सन सिक्योरिटी प्रा. लि. छतरपुर, शिवशक्ति बायो टेक सागर, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. एदु एडवांटेज प्राइवेट लि., टेलेंट कॉर्प सोल्युसन प्रा.लि., बजाज ऑटो प्रा. लि., अपोलो टायर प्रा. लि., माइंड लेब्स मिडिया टेक प्रा. लि, एस.आई.एस. सिक्योरिटी सर्विस, टाटा इलेक्ट्रोनिक्स प्रा. लि., इंटिग्रेडेड पर्सनल सर्विस लि., एसबीआई लाईफ छतरपुर आदि के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। विभिन्न पदों के लिए वेतनमान योग्यतानुसार लगभग 8 हजार से 25 हजार तक प्रतिमाह है।

## कुशवाहा समाज ने जिला प्रशासन को दी चेतावनी

**कहा- एक सप्ताह में न्याय नहीं मिला तो होगा आंदोलन**




**छतरपुर।** मंगलवार को जिला कुशवाहा समाज ने एक पत्रकारवार्ता के माध्यम से जिले में कुशवाहा समाज के लोगों पर हो रहे अत्याचार के मामलों की विस्तृत जानकारी मीडिया को देते हुए प्रशासन के खिलाफ शीघ्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पत्रकारों से संवाद करते हुए युवा कुशवाहा समाज के जिलाध्यक्ष अशीष कुशवाहा ने कहा कि लंबे समय से छतरपुर जिले में समाज के लोगों के साथ प्रशासनिक अधिकारी और पुलिसकर्मी द्वेष भावना से ग्रसित होकर कार्रवाई करने में लगे हुए हैं, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आशीष कुशवाहा ने बताया कि 19 अप्रैल 2025 को छतरपुर एसडीएम द्वारा ग्राम बारी के कुछ दबंगों के साथ मिलकर गांव के मंदिर के पुजारी साधूदास उर्फ वीरेन्द्र कुशवाहा के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और अपने पद का दुरुपयोग करते हुए पुजारी साधूदास के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कराकर उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की गई। इतना ही नहीं पुजारी को जेल भेजने के बाद एसडीएम ने गांव के असमाजिक लोगों को मंदिर की जिम्मेदारी सौंप दी थी, जिसे वापिस लेने के लिए पुजारी साधूदास द्वारा 1 जुलाई से 19 जुलाई तक आमरण अनशन भी किया गया लेकिन न्याय देने की बजाय यहां भी उनके साथ उचित व्यवहार नहीं हुआ। इसी तरह छतरपुर के एक कुशवाहा युवक पर कोतवाली थाना में दर्ज मामले का जिक्र भी पत्रकारवार्ता में किया गया। कुशवाहा समाज ने वरिष्ठ अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अगले 10 दिनों में समाज के पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो समाज उग्र आंदोलन करेगा।

## कलेक्टर के पास पहुंचे मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे लोग

**छतरपुर।** शहर के वार्ड नं 37 देरी रोड पर रहने वाले लोगों ने वार्ड में व्याप्त बिजली, सड़क और नाली जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग करते हुए मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया। वार्ड की रहने वाली प्रीति अग्रवाल ने बताया कि देरी रोड पर महर्षि स्कूल के समीप रहने वाले दो से ढाई सैकड़ा परिवारों के लिए विद्युत व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते घरों में नियमित विद्युत सप्लाई नहीं हो पा रही है, और लोग परेशान हैं। हाल ही में विद्युत विभाग द्वारा सभी परिवारों को 5 से 50 हजार रुपए तक के वसूली नोटिस भेजे गए हैं, जो कि वार्ड के लोगों की हैसियत से



बहुत ज्यादा हैं। इसके अलावा घरों तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क भी नहीं है। नालियों का पानी कच्ची सड़क पर भरने से कीचड़ की स्थिति बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है। वार्डवासियों ने बताया कि वे पूर्व में कई बार जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका को अपनी समस्या बता चुके हैं लेकिन कोई भी जिम्मेदार उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में वार्ड के लोग बेहद परेशान हैं। आवेदन देकर वार्डवासियों ने सुविधाएं मुहैया कराने की मांग की है।

## घुवारा में हुई जनसुनवाई, समाधान के लिए पहुंचे लोग

**छतरपुर।** अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई घुवारा के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन का यह नवाचार तहसील स्तर पर जारी है। जिससे आमजन को सुविधा हो रही है। घुवारा में एडीएम ने जनसुनवाई में प्राप्त 187 शिकायती आवेदनों की सुनवाई की और जिला अधिकारियों को प्राप्त शिकायती आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए।इस दौरान सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, एसडीएम आयुष जैन, तहसीलदार, सीईओ, सीएमओ सहित संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



जनसुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 93 आवेदन, निकाय के 19, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 17, पुलिस विभाग के 11, एमपीईबी के 8, शिक्षा विभाग की 9, बैंक के 2, महिला बाल विकास के 7, जनजातीय कार्य विभाग 01 एवं ओआईसी एलएसके 01, कृषि विभाग के 02, पीएमजीएसवाई के 04, पीडब्ल्यूडी का 01, जल संसाधन के 02, खाद्य विभाग के 04, आबकारी के 02, मत्स्य विभाग के 02, रजिस्ट्रार एवं रीडर के 01-01 शिकायती आवेदन सहित कुल 187 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों का अवलोकन कर एडीएम ने अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। अगले मंगलवार को जनसुनवाई 23 सितम्बर को महाराजपुर एवं 30 सितम्बर को सटई तहसील में आयोजित होगी।

## दबंग ने शासकीय रास्ते पर बना डाली दीवार

**कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे ग्रामीण**



**छतरपुर।** ईशानगर क्षेत्र के ग्राम पहाडग़ांव अंतर्गत आने वाले पचलोन पुरवा में एक दबंग व्यक्ति द्वारा शासकीय रास्ते पर दीवार बनाने का मामला सामने आया है। मंगलवार को ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। आवेदन देने आए पचलोन पुरवा निवासी मोहन सिंह यादव, उमाशंकर यादव आदि ने बताया कि शासकीय रास्ते पर गांव के रहने वाले दंबग प्रवृत्ति के शंकर यादव ने दीवार बना ली है, जिससे आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई दशकों से इस रास्ते से आवागमन कर रहे हैं, और रिकॉर्ड में भी यह रास्ता शासकीय दर्ज है, बावजूद इसके शंकर यादव ने अपनी राजनैतिक पहुंच के बल पर रास्ते को बंद कर दिया है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त अतिक्रमण में राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत है। ग्रामीणों के मुताबिक वे पूर्व में अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहां गांव में आए दिन रास्ते से निकलने को लेकर विवाद की स्थिति बन रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि शंकर यादव द्वारा शासकीय रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए।

## पोषण अभियान अंतर्गत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**छतरपुर। राष्ट्रीय पोषण अभियान 2025 के अंतर्गत अनुभाग नौगांव में विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी ने की। इस अवसर पर सभी विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।**

कार्यशाला में पोषण अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों एवं सेवा पखवाड़ा के आयोजन पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी ने अभियान से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी एवं सभी विभागों से बेहतर समन्वय के



साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। इस दौरान परियोजना अधिकारी अनिल नामदेव एवं नेहा जैन ने राष्ट्रीय पोषण अभियान की थीम, प्रस्तावित गतिविधियों तथा विभागीय समन्वय पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही अन्य विभागों द्वारा निभाई जाने वाली जिम्मेदारियों का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। बाल विकास परियोजना नौगांव-1 के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला भी आयोजित की गई। इसमें पोषण माह के दौरान प्रत्येक दिवस आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी गई और जनसमुदाय को अभियान से जोडऩे के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## खबर संक्षेप

### खेत गए युवक का शव पेड़ से लटका मिला

रीवा। जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगांव चौकी के हर्दी गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब खेत की ओर गए एक युवक का शव पेड़ से फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान अभिषेक पटेल उम्र लगभग 22 वर्ष निवासी हर्दी थाना गढ़ के रूप में हुई है। घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। परिजनों ने इस घटना को आत्महत्या मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। मिली जानकारी अनुसार अभिषेक रविवार शाम रोज की तरह खेत पर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। रात करीब 8 बजे गांव के कुछ लोगों ने खेत के पास पेड़ पर युवक का शव लटकता देखा, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। घटना से कुछ देर पहले अभिषेक ने अपने एक करीबी मित्र को मोबाइल पर एक संदिग्ध संदेश भेजा था। इस संदेश में कुछ निजी बातों का जिक्र किया गया था, चर्चा है कि मामला किसी लड़की से जुड़ा हो सकता है,वही घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। परिजनों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अभिषेक ऐसा कदम नहीं उठा सकता। उनका कहना है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है और इसे फांसी का रूप देने की कोशिश की गई है सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। शव को कब्जे में लेकर संजय गांधी अस्पताल रीवा भेजा गया, जहां सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच कर रही है।

### थानों में गुंडा परेड कराई गई

रीवा। शहर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने सोमवार को शहर के प्रमुख थानों में निगरानी बदमाशों की गुंडा परेड कराई। विश्वविद्यालय, समान, कोतवाली और बिछिया थाना परिसर में आयोजित इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चिन्हित गुंडा और असामाजिक तत्वों को थाने बुलाकर उनसे सख्ती से पूछताछ की और चेतावनी दी। गुंडा परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों ने इन बदमाशों से उनके साथियों, वर्तमान गतिविधियों, रोजगार व रहन-सहन के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इसके साथ ही उन्हें यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि यदि वे दोबारा किसी आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए गए, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एएसपी आरती सिंह ने बताया कि यह अभियान शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, नागरिकों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने और अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और आम जनता को सुरक्षा का भरोसा मिल सके। उन्होंने कहा गुंडा परेड के माध्यम से अपराधियों को यह समझाने का प्रयास किया गया है कि पुलिस उनकी हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

### घर से नाराज निकला किशोर रास्ता भटका तो डायल 112 के जवानों ने पहुंचाया घर

रीवा। जिले के सोहागी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक किशोर घर से नाराज होकर भाग आया। साइकिल से आए किशोर के संबंध में डायल 112 पुलिस को मिली जिसके बाद सोहागी पुलिस ने किशोर को परिजनों से मिलवाया। जानकारी के मुताबिक परिजन की डांट से नाराज 12 वर्षीय बालक साईकिल से जोकनई (प्रयागराज) से गंगतिरा कलां (सोहागी) पहुंचकर रास्ता भटक गया था, जिसे डायल-112 के जवानों ने उत्तरप्रदेश पुलिस से संपर्क कर बालक को परिजन से मिलाया। बीती रात्रि 10 बजे डायल 112 पुलिस को उक्त जानकारी प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल सोहागी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। आरक्षक अमित सिंह एवं पायलेट राकेश दाहिया ने मौके पर पहुंचकर बालक को संरक्षण में लिया और किशोर को भरोसे में लेकर जानकारी ली जिस पर उसने बताया वह साईकिल से आया था और रास्ता भटक गया। डायल-112 के जवानों ने बालक को सोहागी थाने लेकर आई जिसके बाद कौंधियारा (प्रयागराज) थाने में संपर्क कर बालक सनी यादव पिता प्रमोद यादव निवासी कौंधियारा के परिजन की जानकारी जोकनई गाँव में मिली ।

### एयरपोर्ट में आज मनाया जाएगा यात्री सेवा दिवस

रीवा। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में रीवा एयरपोर्ट में 17 सितम्बर को यात्री सेवा दिवस मनाया जाएगा। इस संबंध में भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के रीवा प्रतिनिधि ने बताया कि एयरपोर्ट में 17 सितम्बर को आने जाने वाले प्रत्येक यात्री का स्वागत किया जाएगा।

## नल सूखे, रिपोर्ट कागजों पर तैयार, डीपीआर में गड़बड़ियों से गांव के लोग रहे गए प्यासे, इंजीनियर्स को नोटिस जारी

# जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी

रीवा और मऊगंज जिलों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चलाई जा रही एकल नल-जल योजना में भारी अनियमितताएं सामने आने के बाद विभाग अब कार्रवाई की मोड में आ गया है। गांवों में पीने के पानी की योजनाएं अधूरी रहने और फील्ड में काम नहीं पहुंचने के कारण विभाग ने जांच का दायरा विस्तृत कर दिया है।

रीवा।



सबसे पहले विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने वाले अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया है। जांच के शुरुआती निष्कर्षों में यह सामने आया है कि डीपीआर तैयार करने में ही गंभीर खामियां रही हैं, जिससे कई गांवों में आज भी पाइपलाइनें तो बिछी हैं, लेकिन नल सूखे पड़े हैं। आरोप है कि अधिकतर रिपोर्ट्स मैदानी सर्वे के बिना सिर्फ कागज़ों पर तैयार की गईं, जिससे जमीनी हकीकत को दरकिनार कर दिया गया। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत रीवा और मऊगंज जिलों में पहले चरण में शुरू की गई 800 से ज्यादा योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इनमें रीवा जिले में सिविल श्रेणी की 284 और मऊगंज में सिविल श्रेणी की 184 योजनाएं शामिल हैं। साथ ही, मैकेनिकल श्रेणी की 343 योजनाएं भी चल रही हैं। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि कई योजनाओं का अभी तक पूरा हस्तांतरण नहीं हो सका है, और कई जगहों पर संचालन अधर में लटका है।बॉक्स सेवानिवृत्त इंजीनियर भी घेरे में इस पूरे मामले की परतें खुलते ही अब विभाग ने उन इंजीनियरों और अधिकारियों को भी नोटिस थमाया है जो डीपीआर निर्माण के समय सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उनसे पूछा गया है कि आखिर योजनाओं की ज़मीनी ज़रूरतों को नज़रअंदाज़ कर अधूरी रिपोर्ट क्यों सौंपी गई? विभाग इस पूरे मामले में मैदानी स्तर पर कार्यरत इंजीनियरों और सुपरवाइजरी स्टाफ पर भी बड़ी कार्रवाई की तैयारी में है।बॉक्स मुख्य सचिव करेंगे दौरा इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग के प्रमुख सचिव ने रीवा और मऊगंज का दौरा करने का निर्णय लिया है, जहां वे गांवों में जाकर योजनाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण करेंगे। उनका दौरा 12 सितंबर को प्रस्तावित था, जिसे फिलहाल स्थगित किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, दौरे की अगली तारीख जल्द घोषित की जाएगी।बॉक्स पंचायतों से मेंटेनेंस का अधिकार वापस लेगा विभागजल जीवन मिशन की योजनाएं वर्तमान में पंचायतों के माध्यम से संचालित हो रही हैं, लेकिन मेंटेनेंस को लेकर भारी दिक्कतें सामने आ रही हैं। पंचायतों के पास न तकनीकी अमला है और न मेंटेनेंस का अनुभव, जिससे संचालन प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति को देखते हुए सरकार अब यह जिम्मेदारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौंपने की तैयारी में है। विभागीय आदेशों के अनुसार, अब पीएचई विभाग ही इन योजनाओं का रखरखाव करेगा और इसके एवज में खर्च की राशि संबंधित पंचायतों से वसूली जाएगी। यह निर्णय हाल ही में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रमुख सचिव द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया।बॉक्स शिकायतों की झड़ी, संभागायुक्त ने दिए त्वरित संचालन के निर्देशलगातार मिल रही शिकायतों और योजनाओं की बदहाल स्थिति को देखते हुए संभागायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शेष योजनाओं को जल्द से जल्द संचालित किया जाए। विभाग अब उन ठेकेदारों और अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय कर रहा है, जिनके लापरवाह रवैये के कारण ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा से वंचित रहना पड़ा।बॉक्स 136 करोड़ का घोटाला आ चुका सामनेबीते साल कलेक्टर ने जलजीवन मिशन की जांच कराई थी। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में करीब 136.28 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आया था। अकेले जलजीवन मिशन में 130.47 करोड़ का घपला शामिल है। साथ ही हैंडपंप मेंटेनेंस में 3.17 करोड़, टीपीआई में 74.64 लाख, आइएसए में 85.70 लाख, स्टेशनरी, वाहन, फोटोकॉपी में 1.02 करोड़ रुपए की




अनियमितता विभाग ने मानी। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि गांवों में नल कनेक्शन कर योजना को पूरा बताया गया, लेकिन पानी टंकियां नहीं बनाई गई। साथ ही कई साथ ही कई जगह पाइपलाइन ही नहीं बिछाई गई। मामले में विभाग में विभाग ने तत्कालीन कार्यपालन यंत्री शरद सिंह और संजय पांडेय सहित कई अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका को संदिग्ध माना। कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई, लेकिन अब तक विभाग की ओर से कुछ कर्मचारियों के निलंबन के अलावा अन्य पर कार्रवाई नहीं की गई है।



# आज 2391 किसानों को बांटी गयी 340.115 मीट्रिक टन यूरिया खाद

रीवा ।

जिले के डबल लॉक केन्द्रों तथा सहकारी समितियों से किसानों को खाद दी जा रही है। वितरण केन्द्रों में किसानों को ऋण पुस्तिका के आधार पर टोकन दिया जाता है। टोकन में दर्ज दिनांक को किसान निर्धारित मात्रा में खाद संबंधित केन्द्रों से प्राप्त कर रहे हैं। आज 16 सितंबर को डबल लॉक केन्द्रों के माध्यम से 2391 किसानों को 340.115 मीट्रिक टन यूरिया खाद का वितरण किया गया। डबल लॉक केन्द्र चाकघाट में 246 किसानों को 42.840 मीट्रिक टन, गुढ़ में 451 किसानों को 80 मीट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र चोरहटा में 996 किसानों को 123 मीट्रिक टन, उमरी में 475 किसानों को 44.550 मीट्रिक टन तथा जवा में 223 किसानों को 49.725 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया। अभी गुढ़ में 13 मीट्रिक टन, जवा में 56.97 मीट्रिक टन, चोरहटा में 65.6 मीट्रिक टन, तथा उमरी में 179.45 मीट्रिक टन यूरिया खाद उपलब्ध है।

## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ आज

# अभियान के तहत लगेंगे स्वास्थ्य शिविर, महिलाओं के स्वास्थ्य होगी जाँच

रीवा ।

जिले भर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की जाएगी। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रत्येक शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अभियान की अवधि में जिला अस्पताल से लेकर उप स्वास्थ्य केन्द्रों तक शिविर लगाएं। इन शिविरों में गर्भवती महिलाओं तथा अन्य महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच के लिए चिकित्सक तैनात करें। शिविर में महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण, संचारी तथा असंचारी रोगों की पहचान के लिए जाँच की समुचित व्यवस्था करें। शिविर में प्रत्येक दिन किए गए कार्य की पूरी जानकारी फोटो सहित पोर्टल पर दर्ज कराएं। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जाँच की जानकारी अनमोल पोर्टल पर भी दर्ज करें। अभियान के दौरान सभी अस्पतालों में रक्तदान शिविरों का भी आयोजन करें। इसे सफल बनाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को भी भागीदार बनाएं।कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता के माध्यम से प्रत्येक गर्भवती महिला को शिविर तक ले जाकर उसके स्वास्थ्य की जाँच कराएं। उनमें किसी भी रोग के लक्षण, खून की कमी अथवा अन्य परेशानी होने पर समुचित उपचार कराएं। स्वास्थ्य विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग मिलकर अभियान के लिए तैयारी करें। शिविर स्थल पर ही महिला एवं बाल विकास विभाग पोषण आहार प्रदर्शनी भी लगाए। जिला से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक के शिविरों में भागीदारी निभाने के लिए जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करें। इस अभियान में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जाँच करें। अभियान के दौरान किशोरियों की स्वास्थ्य रक्षा तथा महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए भी विशेष प्रयास करें। अभियान को सफल बनाने में शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय निकाय तथा महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग को पूरा सहयोग दें।अभियान के दौरान जिला अस्पताल में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक महिलाओं के स्वास्थ्य की निःशुल्क जाँच की जाएगी। जिला चिकित्सालय सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। अभियान के दौरान महिलाओं में एनीमिया, कैंसर, क्षयरोग, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा आदि की जाँच की जाएगी। अभियान के दौरान रक्तदान शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में रैपिड किट से विभिन्न रोगों की जाँच की जाएगी। सभी अस्पतालों को रैपिड किट उपलब्ध करा दिए गए हैं। शिविर में किशोरियों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी तथा बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। अभियान के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा चुका है। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग भी पूरा सहयोग कर रहा है। विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर प्रत्येक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ-साथ पोषण माह से जुड़ी पोषण जागरूकता की गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

## जनसुनवाई में करारी बस्ती निवासियों ने अवरूद्ध मार्ग की बाधा को दूर करने का दिया आवेदन जनसुनवाई में 68 आवेदकों की सुनी समस्यायें



रीवा ।

कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के संबंध में प्राप्त आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। डिप्टी कलेक्टर एस.के. बेक ने आवेदकों की समस्यायें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में करारी बस्ती के निवासियों के अवरूद्ध मार्ग को प्रारंभ करने का आवेदन दिया जिस पर एसडीएम मनगवां को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये। चाकघाट निवासी रामकृपाल मिश्रा के रास्ते से अतिक्रमण हटाने का आवेदन पर तहसीलदार त्योंथर को, लोही निवासी चन्द्रवती ओझा के नहर से मिट्टी कटने पर फसल क्षतिग्रस्त होने पर सहायता राशि प्रदान करने के आवेदन पर तहसीलदार गुढ़ को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। इसी प्रकार राम निवास पटेल नौढ़िया के खसरा सुधार के आवेदन एवं लालमणि तिवारी लोही के मुआवजा राशि प्रदान करने के आवेदन को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही के लिये प्रेषित किया गया।जनसुनवाई में मीनू मिश्रा निवासी कस्तरा के साइकिल प्रदान करने के आवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी को, रामकिशोर आदिवासी बराकोठार के रास्ता निर्माण के आवेदन को सीईओ जनपद रीवा को, मनोज कुमार सिंह निवासी खम्हरिया के ग्रामीण विकास कार्यों की जांच के आवेदन को सीईओ जवा को कार्यवाही के लिये प्रेषित किया गया। जबकि करहिया नंबर एक निवासी ललित साकेत के बिजली बिल सुधार के आवेदन पर एमपीईबी को, नौबस्ता निवासी मनधीर प्रसाद पाण्डेय के प्रधानमंत्री आवास की राशि प्रदाय किये जाने के आवेदन को सीईओ जनपद त्योंथर को, कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। दादर निवासी रिंकी कोरी के अन्तजातीय विभाग की प्रोत्साहन राशि दिलाये जाने के आवेदन पर जिला संयोजक जनजातीय कार्य को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## मऊगंज कलेक्टर ने 35 आवेदन पत्रों में की सुनवाई अधिकारियों को सात दिन में निराकरण के निर्देश

**मऊगंज** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आमजनता की समस्याओं के निराकरण के लिए जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आमजनता की पीड़ा सुनी और कुल 35 आवेदनों में सुनवाई की। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता और तत्परता से देखा जाए तथा अधिकतम सात दिनों के भीतर सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आवेदकों को की गई कार्यवाही से अवगत कराना अनिवार्य होगा।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर पी.के. पाण्डेय और संयुक्त कलेक्टर ए.पी. द्विवेदी भी मौजूद रहे और आवेदनों में सुनवाई की।जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विषयों पर आवेदन सामने आए। रजिगवां निवासी प्रियंका पटेल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद पर नियुक्ति के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने जिला



कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, मऊगंज निवासी पूनम पटेल ने अतिथि शिक्षक पद पर नियुक्ति में अनियमितता की शिकायत की। इस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन की जांच कर कार्यवाही करने को कहा।इसी तरह, मऊगंज के जयकृष्ण चौरसिया ने शासकीय मार्ग पर अवैध कब्जा हटाने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम खुझवा निवासी अविनाश तिवारी और सुरसरी त्रिपाठी ने वर्षा से घर गिरने पर आर्थिक सहायता की मांग रखी। कलेक्टर ने तहसीलदार को मौके पर जाकर जांच कर सहायता दिलाने के निर्देश दिए।इसके अलावा जनसुनवाई में जमीन के सीमांकन, खसरे में नाम दर्ज कराने, लाड़ली बहना योजना में नाम जुड़वाने और शक्तिचलित तिपहिया साइकिल दिलाने संबंधी आवेदन भी प्रस्तुत हुए, जिनमें अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर जैन ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य जनता को राहत देना है। ऐसे में प्रत्येक अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वे ईमानदारी और गंभीरता से जनता की समस्याओं का समाधान करें और शासन की मंशा के अनुरूप समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें।

## 24 घंटे में दूर होंगी साफ-सफाई की शिकायतें, खुले में कचरा फैलाने वालों पर होगी चालानी कार्रवाई

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे में साप्ताहिक समीक्षा टीएल बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों, स्वच्छता, अवैध कॉलोनियों एवं सीएम हेल्पलाइन से संबंधित विषयों पर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने निर्देश दिया कि सीएम हेल्पलाइन की 100 दिवस से लंबित शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साफ-सफाई संबंधी शिकायतों का 24 घंटे के भीतर संतोषजनक समाधान करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि व्यावसायिक क्षेत्र में खुले में कचरा फैलाने वालों का प्रतिदिन चिन्हांकन कर उन पर चालानी कार्रवाई की जाए। 17 सितंबर से प्रारंभ होने वाले स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि वार्डवार स्वच्छ लक्षित इकाइयों को चिन्हित कर उनका सौंदर्यीकरण कराया जाए। शहर में मानक से अधिक सेकेंडरी प्वाइंट नहीं होने चाहिए। सभी सफाई मित्रों का रूट चार्ट एवं बीट निर्धारित कर स्वच्छता प्रभावी ढंग से सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसके लिए अधिकारी निरंतर निरीक्षण करें। यूरिनल की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि वे उपयोगी बने रहें। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत ऐसे स्थलों को चिन्हित किया जाए जहां गंदगी अधिक प्रतीत हो, वहां प्रतिदिन रोस्टर बनाकर श्रमदान कर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। बैठक में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, राजेश सिंह, सिद्धार्थ सिंह, सहायक आयुक्त शीतल भलावी, रामनरेश तिवारी, केएन साकेत, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, अभिनव चतुर्वेदी, स्वास्थ्य अधिकारी बालगोविन्द चतुर्वेदी, सहायक राजस्व अधिकारी रावेन्द्र सिंह के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।बॉक्स सिंगल यूज प्लास्टिक के अवैध भंडारण पर होगी सख्त कार्रवाईक्लीन रीवा, ग्रीन रीवा अभियान के अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि अवैध भंडारण का पता लगाकर बड़े पैमाने पर जब्ती की कार्रवाई की जाए तथा जिन बड़े दुकानों पर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग हो रहा है, उन पर प्रतिदिन चालानी कार्रवाई की जाए।

## मऊगंज में वरिष्ठजनों के लिए कृत्रिम अंग जाँच शिविर एक अक्टूबर को



**मऊगंज** वरिष्ठजनों की मदद और उन्हें नया सहारा देने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में विशेष शिविर आयोजित किया जा रहा है। जनपद पंचायत मऊगंज के सभागार में आगामी 1 अक्टूबर को यह शिविर लगाया जाएगा, जिसमें मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी जनपद पंचायतों के साथ-साथ नगर परिषद मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों की जाँच की जाएगी। इस शिविर का खास उद्देश्य उन बुजुर्गों को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना है, जो शारीरिक अक्षमता से जूझ रहे हैं। जाँच के बाद पात्र पाए जाने वाले वरिष्ठजनों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (ALIMCO) द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए जाएंगे। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने शिविर की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जनपद पंचायत मऊगंज के सीईओ को शिविर के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनपद एवं नगर पालिका अधिकारी पात्र बुजुर्गों का समय पर चिन्हांकन करें ताकि अधिक से अधिक वरिष्ठजन इस शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें।